an>

Title: Need to declare Bhatewar-Bhindar-Kanod- Dhariyawad r oad in Rajasthan as a National Highway.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 76 पर स्थित भटेवर-भिण्डर-कानोड जिला उदयपुर धरियावाद जिला प्रतापगढ़ सड़क मार्ग क्षेत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क मार्ग है। यह सड़क मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 76 एवं नवीन घोषित राष्ट्रीय राजमार्ग कोटा से बांसवाड़ा के मध्य स्थित है। इस सड़क मार्ग के राष्ट्रीय राजमार्ग में सम्मिलित किये जाने से क्षेत्र के लोगों को परिवहन की दृष्टि से बड़ी राहत मिलेगी एवं उदयपुर से बांसवाड़ा के लिए विकसित मार्ग उपलब्ध हो पायेगा।

यह मार्ग प्रतापगढ़, बांसवाड़ा डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़ की बडीसादड़ी तथा उदयपुर के दक्षिणी-पूर्वी (भिंडर कानोड लसाड़िया) भाग को उदयपुर हवाई अड्डे से सीधा जोड़ पायेगा, इसी मार्ग पर प्रसिद्ध सीता माता अभ्यारण्य भी स्थित है जिससे यहाँ पर आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिल पायेगी।

अतः मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से मांग करता हूँ कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 76 एवं नवीन घोषित राजमार्ग कोटा से बांसवाड़ा के मध्य स्थित भटेवर (जिला उदयपुर) भिण्डर-कानौड-धरियावाद (जिला प्रतापगढ़) सड़क मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल कराएं।